पाठ 2. व्यंजनों का ज्ञान

चित्रों के नीचे दिए गए शब्दों के पहले रंगीन वर्ण पर बच्चों का ध्यान आकर्षित करें। व्यंजनों की पुनरावृत्ति के लिए चित्रों को माध्यम बनाएँ। बच्चों की स्मृति ताज़ा करने के लिए प्रत्येक वर्ण को कक्षा में दोहराएँ। व्यंजनों के उच्चारण पर विशेष ध्यान दें। एक ही व्यंजन के लिए भिन्न-भिन्न चित्रों के चार्ट बनाकर दिखाएँ। चित्रों के माध्यम से व्यंजनों की आवृत्ति वर्णमाला सीखने में बच्चों के लिए सहायक होगी। इसके उपरांत चित्रों के नीचे दिए गए रिक्त स्थानों में उनसे उचित व्यंजन भरवाएँ। इससे बच्चों का व्यंजनों को दोहराने का अभ्यास भी पूरा हो जाएगा।